# इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत आधिकारिक तौर पर **इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA)** में शामिल हो गया है जिसे वर्ष 2023 में बड़ी बिल्लियों एवं उनके अधिवासों की रक्षा करने हेतु शुरू किया गया था।

**नोट:**

- यद्यपि भारत ने एक वैश्विक संस्था के रूप में **इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) की शुरुआत की** , फिर भी इसे इसके फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर के साथ इसका अनुसमर्थन करना होगा जैसा कि इसने अन्य अंतर्राष्ट्रीय समझौतों एवं संस्थाओं जैसे **पेरिस समझौता**, **जैवविविधता पर कन्वेंशन (CBD)** और **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** के साथ किया है।

## इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) क्या है?

- **परिचय:**
  - **इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) 96 बिग कैट रेंज देशों** और गैर-रेंज देशों का एक बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन है जिसका उद्देश्य 7 बिग कैट और उनके आवासों का संरक्षण करना है।
  - यह विचार **पहली बार** भारत के **प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2019** में प्रस्तावित किया गया था और आधिकारिक तौर पर इसे **प्रोजेक्ट टाइगर** की 50 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर अप्रैल 2023 में शुरू किया गया था।
- **उद्देश्य:**
  - सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों से संबंधित **अवैध वन्यजीव व्यापार को रोकना।**
  - इन सात बड़ी बिल्लियों के **प्राकृतिक आवासों के संरक्षण को बढ़ावा देना।**
  - संरक्षण एवं सुरक्षा प्रयासों के कार्यान्वयन को समर्थन देने के लिये **वित्तीय एवं तकनीकी संसाधन जुटाना।**
  - **जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने की दिशा में कार्य करना।**
  - उन नीतिगत पहलों की वकालत करना जो **जैवविविधता संरक्षण प्रयासों को स्थानीय आवश्यकताओं के साथ संरेखित करने के साथ** सदस्य देशों में **संयुक्त राष्ट्र** द्वारा निर्धारित **सतत् विकास लक्ष्यों** की प्राप्ति में सहायक हों।
- **फोकस प्रजातियाँ:**
  - **यह पहल सात** बड़ी बिल्ली प्रजातियों के संरक्षण पर केंद्रित है : **बाघ**, **शेर**, **तेंदुआ**, **हिम तेंदुआ**, **चीता, जगुआर** और **प्यूमा।**
    - इनमें से पाँच - **बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता - भारत में पाए जाते हैं,** प्यूमा और जगुआर को छोड़कर।
- **सदस्य देश:**
  - वर्तमान में 4 देश ( **भारत, निकारागुआ, एस्वातिनी** और **सोमालिया)** इसके सदस्य हैं।
- **बजटीय आवंटन:**
  - **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2023-24 से 2027-28 तक** पाँच वर्षों के लिये IBCA हेतु **150 करोड़ रुपये** की एकमुश्त बजटीय सहायता आवंटित की है।
- **शासन संरचना:**
  - **इसमें सदस्यों की** एक सभा, एक स्थायी समिति और **भारत** स्थित एक **सचिवालय शामिल है।**
  - **यह रूपरेखा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)** के अनुरूप बनाई गई है जिसमें पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा महानिदेशक (DG) की नियुक्ति की जाती है।

//

# इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस

इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस एक बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन है जिसका उद्देश्य बड़ी बिल्लियों (Big Cat) की प्रजातियों और उनके आवासों का संरक्षण करना है।



**लॉन्च किया गया**
भारत (2023)

**मुख्यालय**
भारत

**सदस्य देश**
**96** देश

**संरचना**
इसमें सदस्यों की सभा, स्थायी समिति और उनके सचिवालय शामिल हैं

## कार्य

- बड़ी बिल्लियों (बाघ, शेर, तेंदुए, हिम तेंदुए, प्यूमा, जगुआर और चीता) का भविष्य सुरक्षित करना
- जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करना
- नीतिगत पहलों का समर्थन करना
- संयुक्त राष्ट्र-अनिवार्य सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना

## बड़ी बिल्लियों को खतरा

- अवैध शिकार से
- पर्यावास हानि और विखंडन से
- मानव-तेंदुआ संघर्ष से
- जलवायु परिवर्तन और निर्वनीकरण से

## बड़ी बिल्लियों की संरक्षण स्थिति

| प्रजातियाँ | वैज्ञानिक नाम | IUCN लाल सूची | स्थल | भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 |
|---|---|---|---|---|
| **बाघ** | पैंथेरा टाइग्रिस | संकटग्रस्त | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **शेर** | पैंथेरा लियो | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **तेंदुए** | पैंथेरा पार्डस | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **हिम तेंदुए** | पैंथेरा अन्सिया | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **प्यूमा** | प्यूमा कॉनकलर | कम चिंतनीय | परिशिष्ट-II (P. c. कोस्टारिकेंसिस (Costaricensis) और कूगर (Cougar): परिशिष्ट-I) | NA |
| **जगुआर** | पैंथेरा ओंका | निकट संकटग्रस्त | परिशिष्ट-I | NA |
| **चीता** | एसिनोनिक्स जुबेटस | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |

## भारत में अन्य संरक्षण प्रयास

- प्रोजेक्ट टाइगर (वर्ष 1973)
- एशियाई शेर पुनःप्रवेश परियोजना (वर्ष 2004)
- प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड (वर्ष 2009)
- प्रोजेक्ट चीता (वर्ष 2022)

Drishti IAS

## बड़ी बल्लियाँ क्या हैं?

- बड़ी बिल्लियों से तात्पर्य **बड़ी जंगली बिल्ली प्रजातियों से है, जो आमतौर पर** *[illegible]* वंश से संबंधित होती हैं, हालांकि कुछ अन्य प्रजातियाँ भी इसमें शामिल हैं।
    - *[illegible]* जीनस के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।
- **प्रमुख बिंदु:**
    - **शेर** एकमात्र ऐसी बड़ी बिल्ली प्रजातियों से संबंधित हैं जो **सामाजिक समूहों में रहने** के साथ सामूहिक रूप से शिकार करते हैं। शावकों वाली माताओं को छोड़कर अन्य बड़ी बिल्लियाँ एकाकी होती हैं।
    - साइबेरियाई **बाघ** (जो कि **बड़ी बिल्ली प्रजातियों में सबसे बड़ा है**) ट्रॉफी शिकार और चीन की पारंपरिक चिकित्सा में उपयोग के चलते खतरे में है।
    - बड़ी बिल्लियाँ ऐसी **प्रमुख प्रजातियाँ** हैं जो **पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य हेतु महत्त्वपूर्ण संकेतक हैं** लेकिन अवैध शिकार, अवैध वन्यजीव व्यापार और आवास की क्षति के कारण इन पर खतरा बढ़ता जा रहा है।
    - भारतीय उपमहाद्वीप ऐतिहासिक रूप से **बंगाल टाइगर, एशियाई शेर, भारतीय तेंदुआ, भारतीय/एशियाई चीता** और **हिम तेंदुए का आवास स्थल है।**
    - वर्ष 1952 में भारत में चीता को विलुप्त घोषित कर दिया गया था। वर्ष 2022 में सरकार ने मध्य प्रदेश के **कुनो राष्ट्रीय उद्यान** में **अफ्रीकी चीतों को फिर से लाने की महत्त्वाकांक्षी पहल शुरू की थी।**

## भारत में बड़ी बिल्लियों के संरक्षण के प्रयास

- प्रोजेक्ट लायन
- प्रोजेक्ट तेंदुआ
- प्रोजेक्ट चीता
- चीता पुनः वापसी परियोजना
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972
- **हिम तेंदुआ संरक्षण**

**और पढ़ें:** **कुनो नेशनल पार्क में चीता शावक**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

## प्रिलिम्स:

**प्रश्न: निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2012)**

1. काली गर्दन वाला सारस (कृष्णाग्रीव सारस)
2. चीता
3. उड़न गिलहरी (कंदली)
4. हिम तेंदुआ

**उपर्युक्त में से कौन-से भारत में प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)**